# HINDI A

## Class 10 - हिंदी ए

**निर्धारित समय: 3 घंटे** **अधिकतम अंक: 80**

**सामान्य निर्देश:**

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख्ती से अनुपालन कीजिए :

- इस प्रश्नपत्र में कुल 15 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- इस प्रश्नपत्र में कुल चार खंड हैं- क, ख, ग, घ।
- खंड-क में कुल 2 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 10 है।
- खंड-ख में कुल 4 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 20 है। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 16 उपप्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।
- खंड-ग में कुल 5 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 20 है।
- खंड-घ में कुल 4 प्रश्न हैं, सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं।
- प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए ।

### खंड क - अपठित बोध

1. **निम्नलिखित गद्यांशों को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** **[7]**

विश्व स्वास्थ्य-संगठन के अध्ययनों और संयुक्त राष्ट्र की मानव-विकास रिपोर्टों ने भारत के बच्चों में कुपोषण की व्यापकता के साथ-साथ बाल मृत्यु-दर और मातृ मृत्यु-दर का ग्राफ काफी ऊँचा रहने के तथ्य भी बार-बार जाहिर किए हैं। यूनिसेफ की रिपोर्ट बताती है कि लड़कियों की दशा और भी खराब है।

पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बाद बालिग होने से पहले लड़कियों को ब्याह देने के मामले दक्षिण एशिया में सबसे ज्यादा भारत में होते हैं। मातृ मृत्यु-दर और शिशु मृत्यु-दर का एक प्रमुख कारण यह भी है। यह रिपोर्ट ऐसे समय जारी हुई है जब बच्चों के अधिकारों से संबंधित वैश्विक घोषणा-पत्र के पच्चीस साल पूरे हो रहे हैं। इस घोषणा-पत्र पर भारत और दक्षिण एशिया के अन्य देशों ने भी हस्ताक्षर किए थे। इसका यह असर जरूर हुआ कि बच्चों की सेहत, शिक्षा, सुरक्षा से संबंधित नए कानून बने, मंत्रालय या विभाग गठित हुए, संस्थाएँ और आयोग बने । घोषणा-पत्र से पहले की तुलना में कुछ सुधार भी दर्ज हुआ है। पर इसके बावजूद बहुत सारी बातें विचलित करने वाली हैं। मसलन, देश में हर साल लाखों बच्चे गुम हो जाते हैं। लाखों बच्चे अब भी स्कूलों से बाहर हैं। श्रम-शोषण के लिए विवश बच्चों की तादाद इससे भी अधिक है। वे स्कूल में पिटाई और घरेलू हिंसा के शिकार होते रहते हैं। परिवार के स्तर पर देखें तो संतान का मोह काफी प्रबल दिखाई देगा, मगर दूसरी ओर, बच्चों के प्रति सामाजिक संवेदनशीलता बहुत क्षीण है। कमजोर तबकों के बच्चों के प्रति तो बाकी समाज का रवैया अमूमन असहिष्णुता का ही रहता है। क्या ये स्वस्थ समाज के लक्षण हैं?

**1.** कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए:

**कथन (A):** भारत में बाल विवाह की उच्च दर मातृ मृत्यु-दर और शिशु मृत्यु-दर का एक प्रमुख कारण है।

**कारण (R):** बाल विवाह के कारण लड़कियों को बालिग होने से पहले ही गर्भधारण करना पड़ता है, जो उनके स्वास्थ्य को प्रभावित करता है।

**विकल्प:**

i. कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

ii. कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।

iii. कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

iv. कथन (A) सही है किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

SATISH SCIENCE ACADEMY

**2.** निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?

I. भारत में बच्चों के अधिकारों से संबंधित नए कानून और आयोग बनाए गए हैं।

II. कमजोर तबकों के बच्चों के प्रति समाज का रवैया प्रायः असहिष्णु रहता है।

III. बच्चों की शिक्षा और सुरक्षा की स्थिति दक्षिण एशिया में सबसे अच्छी है।

IV. हर साल भारत में लाखों बच्चे गुम हो जाते हैं।

**विकल्प:**

i. कथन I, II और IV सही हैं।

ii. कथन II और III सही हैं।

iii. कथन III और IV सही हैं।

iv. कथन I, II और III सही हैं।

**3.** नीचे दिए गए कॉलम 1 को कॉलम 2 से सुमेलित करें और सही विकल्प का चयन करें:

| **कॉलम 1** | **कॉलम 2** |
|---|---|
| I. बाल विवाह के प्रभाव | 1. मातृ मृत्यु-दर में वृद्धि। |
| II. बच्चों के गुम होने की समस्या | 2. श्रम-शोषण और स्कूल से बाहर होना। |
| III. बच्चों के प्रति असंवेदनशीलता | 3. कमजोर तबकों के प्रति असहिष्णुता। |

**विकल्प:**

i. I (1), II (2), III (3)

ii. I (2), II (1), III (3)

iii. I (1), II (3), III (2)

iv. I (3), II (2), III (1)

**4.** भारत में जिस वैश्विक घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किए उसका क्या प्रभाव पड़ा? (2)

**5.** आज भी भारत में बच्चों की स्थिति कैसी है? (2)

2. **निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:** **[7]**

यह मजूर, जो जेठ मास के इस निधूम अनल में
कर्ममग्न है अविकल दग्ध हुआ पल-पल में;
यह मजूर, जिसके अंगों पर लिपटी एक लँगोटी;
यह मजूर, जर्जर कुटिया में जिसकी वसुधा छोटी;
किस तप में तल्लीन यहाँ है भूख-प्यास को जीते,
किस कठोर साधन में इसके युग के युग हैं बीते।
कितने महा महाधिप आए, हुए विलीन क्षितिज में,
नहीं दृष्टि तक डाली इसने, निर्विकार यह निज में।
यह अविकंप न जाने कितने घूंट पिए हैं विष के,
आज इसे देखा जब मैंने बात नहीं की इससे।
अब ऐसा लगता है, इसके तप से विश्व विकल है,
नया इंद्रपद इसके हित ही निश्चित है निस्संशय।

I. कवि की दशा कैसी है? (1)

i. उसकी दशा अच्छी है

ii. वह पेट भरने लायक भी नहीं कमा पाता

iii. वह इन्द्रपद पर आसीन है

iv. वह सुखी है

SATISH SCIENCE ACADEMY

II. कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए:

**कथन (A):** काव्यांश में मजूर की कठिन परिस्थितियों और तप का उल्लेख किया गया है।

**कारण (R):** काव्य में यह बताया गया है कि मजूर अपने कष्टों के बावजूद पूरी तरह समर्पित और कर्म में तल्लीन है।

**विकल्प:**

i. iथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

ii. कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।

iii. कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

iv. कथन (A) सही है किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

III. काव्यांश में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा सही है?

I. काव्य में मजूर के जीवन की कठिनाईयों और तप का वर्णन किया गया है।

II. मजूर का जीवन केवल कष्टपूर्ण और दुखी है, इसमें कोई सकारात्मक पहलू नहीं है।

III. काव्य में मजूर की तपस्या को विश्व के लिए लाभकारी बताया गया है।

IV. काव्य में मजूर के संघर्षों को नकारात्मक रूप से दर्शाया गया है।

**विकल्प:**

i. कथन I और III सही हैं।

ii. कथन II और IV सही हैं।

iii. केवल कथन I सही है।

iv. केवल कथन III सही है।

IV. जेठ का महीना कवि को बाधित क्यों नहीं कर रहा है? (2)

V. उसने बडे-से-बड़े लोगों को भी अपना कष्ट क्यों नहीं बताया? (2)

## खंड ख - व्यावहारिक व्याकरण

3. **निर्देशानुसार किन्हीं चार के उत्तर लिखिए:** **[4]**

i. मैने पुस्तकालय जाकर प्रेमचंद द्वारा लिखित **गोदान** उपन्यास पढ़ा। **(संयुक्त वाक्य में बदलिए)**

ii. उसने हेलमेट नहीं लगाया था, इसलिए उसका चालान किया गया। **(सरल वाक्य में बदलिए)**

iii. एक मान्यता के अनुसार उनका जन्म मथुरा के निकट रुनकता में हुआ था। **(मिश्र वाक्य में बदलिए)**

iv. कभी-कभी लगता है कि <u>वे संकल्प से संन्यासी नहीं थे</u>। **(रेखांकित उपवाक्य का भेद लिखिए)**

v. मैंने वह रास्ता ढूँढ निकाला जो बस्ती को ओर जा रहा था। **(सरल वाक्य में बदलिए)**

4. **निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं चार वाक्यों का निर्देशानुसार वाच्य परिवर्तन कीजिए - (1x4=4)** **[4]**

i. किसान के द्वारा खेत की जुताई की गई। (कर्तृवाच्य में बदलिए)

ii. कितने कंबल बँटे? (कर्मवाच्य में बदलिए)

iii. आओ, यहाँ बैठ सकते हैं। (भाववाच्य में बदलिए)

iv. सैनिकों द्वारा देश की रखवाली की जाती है। (कर्तृवाच्य में बदलिए)

v. दर्द के कारण वह चल नहीं सकती। (भाववाच्य में)

5. **निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं चार रेखांकित पदों का पद-परिचय लिखिए- (1x4=4)** **[4]**

i. <u>सफेद</u> घोड़ा तेज भागता है।

ii. <u>खीरा</u> लज़ीज़ होता है।

iii. <u>यह</u> भाषा किस क्षेत्र में बोली जाती है?

iv. वह <u>हमेशा</u> सच बोलता है।

v. मनुष्य केवल भोजन करने के लिए जीवित नहीं रहता है, बल्कि <u>वह</u> अपने भीतर की सूक्ष्म इच्छाओं की तृप्ति भी चाहता है।

6. निम्नलिखित काव्यांशों के अलंकार भेद पहचान कर लिखिए- (किन्हीं चार) **[4]**

i. कर कमल-सा कोमल है।

SATISH SCIENCE ACADEMY

ii. “मैया मैं तो चन्द्र-खिलौना लैहों”

iii. चरण-कमल बंदौं हरिराई।

iv. मुख मानो चन्द्रमा है।

v. आगे नदियाँ पड़ी अपार, घोडा कैसे उतरे पार।
राणा ने सोचा इस पार, तब तक चेतक था उस पार।

**खंड ग - गद्य खंड (पाठ्यपुस्तक)**

7. **अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये:** **[5]**

बेटे के क्रिया-कर्म में तूल नहीं किया; पतोहू से ही आग दिलाई उसकी। किन्तु ज्योंही श्राद्ध की अवधि पूरी हो गई, पतोहू के भाई को बुलाकर उसके साथ कर दिया, यह आदेश देते हुए कि इसकी दूसरी शादी कर देना। इधर पतोहू रो-रोकर कहती-मैं चली जाऊँगी तो बुढ़ापे में कौन आपके लिए भोजन बनाएगा, बीमार पड़े तो कौन एक चुल्लू पानी भी देगा? मैं पैर पड़ती हूँ, मुझे अपने चरणों से अलग नहीं कीजिए। लेकिन भगत का निर्णय अटल था। तू जा, नहीं तो मैं ही इस घर को छोड़कर चल दूंगा-यह थी उनकी आखिरी दलील और इस दलील के आगे बेचारी की क्या चलती?

i. भगत जी के समक्ष पतोहू की विवशता का कारण क्या था?

क) भगत जी का निर्णय | ख) पति का मर जाना
ग) भगत जी का बीमार होना | घ) दूसरी शादी

ii. बालगोबिन भगत ने अपनी पतोहू के भाई को क्यों बुलाया था?

क) पतोहू को मायके भेजने के लिए | ख) अपने बेटे की चिता को आग देने के लिए
ग) क्योंकि वे बीमार थे | घ) पतोहू की दूसरी शादी कराने के लिए

iii. श्राद्ध की अवधि पूरी होने पर बालगोबिन भगत ने पतोहू को क्या कहा?

क) दूसरी शादी करने के लिए | ख) कुछ दिन और रुकने को
ग) अपने घर चले जाने के लिए | घ) भाई को बुलाने को

iv. बालगोबिन भगत की पतोहू अपने मायके क्यों नहीं जाना चाहती थी?

क) दूसरी शादी करने के लिए | ख) वो अपने भाई के साथ नहीं जाना चाहती थी
ग) बालगोबिन भगत की सेवा करने के लिए | घ) क्योंकि वो अपना घर नहीं छोड़ना चाहती थी

v. बालगोबिन भगत के बेटे की चिता को किसने आग दिया?

क) पतोहू के भाई ने | ख) बालगोबिन भगत ने
ग) बालगोबिन भगत के भाई ने | घ) बालगोबिन भगत की बहु ने

8. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में दीजिए:** **[6]**

i. वैसे तो पान वाला कैप्टन का मज़ाक बनाता था परंतु हालदार साहब को उसकी मृत्यु की बात बताते हुए वह उदास क्यों हो गया? **[2]**

ii. **एक कहानी यह भी** के आधार पर लिखिए कि मन्नू भंडारी को नए सिरे से अपने अस्तित्व का बोध कब हुआ? **[2]**

iii. **लखनवी अंदाज़** के पात्र नवाब साहब के व्यवहार पर अपने विचार लिखिए। **[2]**

iv. **संस्कृति** पाठ के अनुसार लेखक ने आविष्कर्ता और आविष्कृत चीज़ के मध्य क्या संबंध बताया है? **[2]**

**खंड ग - काव्य खंड (पाठ्यपुस्तक)**

9. **अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये:** **[5]**

तब भी कहते हो - कह डालूँ दुर्बलता अपनी बीती।
तुम सुनकर सुख पाओगे, देखोगे - यह गागर रीती।
किंतु कहीं ऐसा न हो कि तुम ही खाली करने वाले -
अपने को समझो, मेरा रस ले अपनी भरने वाले।



SATISH SCIENCE ACADEMY

यह विडंबना! अरी सरलते तेरी हँसी उड़ाऊँ मैं।
भूले अपनी या प्रवंचना औरों की दिखलाऊँ मैं।
उज्ज्वल गाथा कैसे गाऊँ; मधुर चाँदनी रातों की।
अरे खिल-खिलाकर हँसते होने वाली उन बातों की।
मिला कहाँ वह सुख जिसका मैं स्वप्न देखकर जाग गया।
आलिंगन में आते-आते मुसक्या कर जो भाग गया।

i. अपने बीते हुए जीवन को कवि किस रूप में देख रहा है?

क) समृद्ध और सबल
ख) सरल और सामान्य
ग) दुखद और करुण
घ) विशद और विस्तृत

ii. जीवन-गाथा नहीं सुनाने के पीछे कौन-सा कारण मुख्य है?

क) उनके जीवन की व्यथा सबको भावुक बना देगी।
ख) विनम्र स्वभाववश अपनी जीवन-कथा को आम आदमी की कथा मानना।
ग) उनके जीवन के खालीपन से दूसरे सुख पाएँगे।
घ) उनको भय है कि लोग उनकी कमज़ोरियों पर हँसेंगे।

iii. **उज्ज्वल गाथा कैसे गाऊँ** - पंक्ति के संदर्भ में लिखिए कि किस गाथा को उज्ज्वल कहा गया है?

क) विगत जीवन की स्मृतियों को
ख) साहित्यिक गोष्ठियों में की जाने वाली चर्चा को
ग) मित्रों के साथ व्यतीत समय-गाथा को
घ) प्रेयसी/पत्नी के साथ व्यतीत मधुर स्मृतियों को

iv. **देखोगे - यह गागर रीती** - पंक्ति में प्रयुक्त **गागर रीती** से क्या अभिप्राय है?

क) गागर का रिक्त होना
ख) विशिष्ट उपलब्धियों का न होना
ग) साहित्यिक रचनाओं का न होना
घ) विगत जीवन में सुख का न होना

v. उपर्युक्त काव्यांश का मुख्य भाव है -

क) मित्रों के मधुर - कटु व्यवहार का उल्लेख
ख) प्रेयसी/पत्नी के साथ व्यतीत मधुर पलों की अभिव्यक्ति
ग) जीवन के यथार्थ एवं अभाव पक्ष की मार्मिक अभिव्यक्ति
घ) आत्मकथा न लिखने के कारणों का उल्लेख

10. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में दीजिए:** **[6]**

i. कवि निराला के अनुसार बादल में क्या संभावनाएँ छिपी हैं? **[2]**

ii. **फसल** कविता में कवि ने फसल के बारे में क्या कहा है? फसल उपजाने में अपेक्षित तत्त्वों का उल्लेख कीजिए। **[2]**

iii. **संगतकार** जैसे व्यक्तियों के योगदान पर समाज का उतना ध्यान नहीं गया है और उन्हें यथोचित सम्मान भी नहीं मिला है। - इस कथन पर **संगतकार** कविता के संदर्भ में टिप्पणी कीजिए। **[2]**

iv. उद्धव ज्ञानी थे, नीति की बातें जानते थे; गोपियों के पास ऐसी कौन-सी शक्ति थी जो उनके वाक् चातुर्य में मुखरित हो उठी? सूरदास के पद के आधार पर बताइए। **[2]**

## खंड ग - कृतिका (पूरक पाठ्यपुस्तक)

11. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में दीजिए:** **[8]**

i. आपके विचार से भोलानाथ अपने साथियों को देखकर सिसकना क्यों भूल जाता है? **[4]**

ii. विज्ञान के जहाँ सदुपयोग हैं, वहीं दुरुपयोग भी हैं। विज्ञान के दुरुपयोगों में हिरोशिमा की घटना सबसे खतरनाक है। आपकी नज़र में विज्ञान का कहाँ-कहाँ और किस रूप में ग़लत उपयोग किया जा रहा है? **मैं क्यों लिखता हूँ** पाठ के संदर्भ में लिखिए। **[4]**

iii. **जल-संरक्षण** से आप क्या समझते हैं? हमें जल-संरक्षण को गंभीरता से लेना चाहिए, क्यों और किस प्रकार? जीवनमूल्यों की दृष्टि से जल-संरक्षण पर चर्चा कीजिए। **[4]**

SATISH SCIENCE ACADEMY

## खंड घ - रचनात्मक लेखन

12. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिये:** **[6]**

i. **लड़का-लड़की एकसमान** विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर अनुच्छेद लिखिए। **[6]**

**संकेत बिंदु:** इस सोच की आवश्यकता क्यों? लड़कियों को बढ़ावा कैसे? देश-समाज पर प्रभाव, सुझाव

ii. **ऑनलाइन खरीदारी : व्यापार का बदलता स्वरूप** विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर अनुच्छेद लिखिए। **[6]**

- वर्तमान में इसकी अनिवार्यता
- सकारात्मक और नकारात्मक प्रभाव
- सुझाव

iii. **खेलों की ओर बढ़ता रुझान** विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर अनुच्छेद लिखिए। **[6]**

संकेत-बिंदु

- खेलों का महत्त्व
- सोच का बदलना
- खेलों को बढ़ावा

13. आप अनन्य/अनन्या हैं। विभिन्न उत्सवों में भोजन की बर्बादी पर अपने विचारों से लोगों को जागरूक करने के लिए किसी हिन्दी समाचार-पत्र के संपादक के नाम लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए। **[5]**

अथवा

आपके चाचा जी की पदोन्नति हुई है। उन्हें शुभकामना देते हुए बधाई-पत्र लिखिए।

14. एक निजी विद्यालय में हिंदी के शिक्षक की आवश्यकता है। इस पद हेतु अपनी योग्यता का विवरण देते हुए स्ववृत सहित आवेदन पत्र लिखिए। **[5]**

अथवा

ट्यूशन टीचर की आवश्यकता हेतु एक ईमेल लिखिए।

15. अ.ब.स. कम्पनी द्वारा त्योहारों के अवसर पर बिजली के उपकरणों की बिक्री पर 25% तक की छूट दी जा रही है। इसके लिए एक विज्ञापन लगभग 50 शब्दों में तैयार कीजिए। **[4]**

अथवा

मित्र/सखी को नृत्य प्रतियोगिता में सफल होने तथा प्रथम स्थान पाने के लिए लगभग 40 शब्दों में एक शुभकामना संदेश लिखिए।

SATISH SCIENCE ACADEMY